MB-5

निरीक्षण प्रतिवेदन

सत्यमेव जयते

प्रखंड कार्यालय, खुटौना

निरीक्षण की तिथि:- 28-07-2001

डा० बी० राजेन्दर
भा० प्र० से०

जिला पदाधिकारी, मधुबनी

डा० बी० राजेन्दर, भा०प्र०से०, जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा दिनांक 28-7-2001 को प्रखण्ड कार्यालय, खुटौना का किये गये निरीक्षण से संबंधित अभिलिखित निरीक्षण टिप्पणी ।

1- परिचय :

खुटौना प्रखण्ड कार्यालय दिनांक 2-10-1955 से अपने अस्तित्व में है, जो लौकहा प्रखण्ड के नाम से अधिसूचित है । अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास द्वारा बताया गया कि लौकहा में भूमि उपलब्ध नहीं रहने के कारण इसे खुटौना में स्थापित किया गया है एवं निर्वाचन आदि से संबंधित पत्राचार अभी भी लौकहा प्रखण्ड के ही नाम से हो रहा है । इसे खुटौना प्रखण्ड के नाम से नियमित रूप से अधिसूचित करने हेतु ग्रामीण विकास विभाग, बिहार पटना से पत्राचार किया जाय । इस हेतु निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, मधुबनी पत्राचार का प्रारूप अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अविलम्ब उपस्थापित करेंगे ।

खुटौना प्रखण्ड कार्यालय मधुबनी-राजनगर-बाबूबरही-खुटौना पथ पर जिला मुख्यालय से 45 कि०मी० एवं फुलपरास अनुमण्डल मुख्यालय से 20 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित है । यह प्रखण्ड रेल एवं सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है ।

खुटौना ग्राम का अपना ऐतिहासिक महत्व है । ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के पुस्तकालय में संग्रहित ग्रंथावली के अध्ययन से पता चला है कि अर्वाचीन खुटौना पास-पड़ोस का क्षेत्र यथा एकहरी वृन्दावन, गजहरा, सिहुला, सहोरबा आदि घनघोर जंगली क्षेत्र था । इन जंगलों में बाघ, सिंह, चीते आदि जानवर रहते थे किन्तु जगहरा एवं पार्श्व के जंगलों में केवल गज (हाथी) झुण्ड-के-झुण्ड रहते थे । लोगों द्वारा जगहरा के जंगल से हाथियों का हरण किया जाता था तथा उन्हें खुटौना के एक खाली भू-खण्ड, जहाँ केवल सुअरबे और टनटनियाँ नदी का रेतीला रिक्त क्षेत्र था, पर खूँट कर रखा जाता था एवं वहाँ से उन्हें अन्यत्र भेजा जाता था । "खूँटना" शब्द का क्रियात्मक रूप है जिसका अर्थ है किसी जंगम-जीव को खूँटकर अर्थात बाँधकर रखना । इसी खूँटना शब्द का परिष्कृत रूप है खुटौना और इसी नाम से यह गाँव आज भी प्रचलित है ।

इस प्रखण्ड से संबंधित अन्य सूचनाएँ निम्नलिखित हैं :-

(क) कुल जनसंख्या (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार)	:-	1,67,257
पुरुष	:-	85,621
महिला	:-	81,636
कुल साक्षर व्यक्तियों की संख्या	:-	53,282

लगातार...2

कुल साक्षर पुरुषों की संख्या	:-	40,189
कुल साक्षर महिलाओं की संख्या	:-	13,093

(ख) विद्यालय/महाविद्यालयों की संख्या

प्राथमिक विद्यालय की संख्या	:-	101
मध्य विद्यालयों की संख्या	:-	18
उच्च विद्यालयों की संख्या	:-	05
महाविद्यालय की संख्या	:-	01 (निजी)

(ग) चौहद्दी :

उत्तर	:	नेपाल
पूरब	:	लौकही प्रखण्ड
पश्चिम	:	लदनियाँ एवं बाबूबरही प्रखण्ड
दक्षिण	:	फुलपरास प्रखण्ड

(घ) प्रखण्ड का कुल क्षेत्रफल	:-	53,603.85 एकड़
(ड) कुल कृषि योग्य भूमि	:-	13,000 हे0
(च) कुल परिवारों की संख्या	:-	29,746
(छ) बी0पी0एल0 परिवारों की संख्या	:-	18,979
(ज) पंचायतों की संख्या	:-	18
(झ) हल्कों की संख्या	:-	08
(ट) राजस्व ग्रामों की संख्या	:-	47
(ठ) बेचिरागी ग्रामों की संख्या	:-	03
(ड) वाणिज्य बैंकों की संख्या	:-	02
(ढ) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या	:-	04
(ण) सहकारिता बैंकों की संख्या	:-	01
(त) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की संख्या	:-	01
(थ) अतिरिक्त स्वाथ्य केन्द्र की संख्या	:-	01
(द) स्वास्थ्य उपकेन्द्र की संख्या	:-	18
(ध) थाना की संख्या	:-	03
(न) जिला परिषद प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की संख्या	:-	03

लगातार....3

(य) पंचायत समिति प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या :- 26
(र) ग्राम पंचायत प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की संख्या :- 257

2- भवन :

प्रखण्ड कार्यालय अपने निजी भवन में अवस्थित है । प्रखण्ड एवं अंचल सहित कुल 22 यूनिट आवासीय भवन निर्मित है । 12 यूनिट गैर आवासीय भवन निर्मित है परन्तु सभी भवनों की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है । कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण प्रमण्डल, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि कार्यालय, आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों की मरम्मति प्राथमिकता के आधार पर एक माह में सुनिश्चित कर अनुपालन प्रतिवेदन दें ।

3- प्रभार :

श्री नन्द किशोर वर्मा, बि0प्र0से0, अंचल अधिकारी, घोघरडीहा दिनांक 21-5-2001 से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खुटौना के अतिरिक्त प्रभार में हैं । इसके पूर्व श्री त्रिवेणी झा, बि0कृ0से0, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के प्रभार में थे । श्री चन्द्र शेखर झा दिनांक 25-1-2001 से प्रधान सहायक के प्रभार में हैं । श्री मोहन लाल दास, सहायक दिनांक 22-7-2001 से नाजिर के प्रभार में हैं ।

4- स्थापना :

इस प्रखण्ड में विभिन्न कोटि के पदाधिकारी/कर्मचारी का स्वीकृत बल एवं पदस्थापन की स्थिति निम्न प्रकार है :-

क्रमांक	पदनाम	स्वीकृत बल	कार्यरत बल	रिक्ति
1-	प्रखण्ड विकास पदाधिकारी	1	-	1
2-	प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी	1	1	-
3-	प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी	1	1	-
4-	प्रखण्ड ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक	1	1	-
5-	प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक	1	1	-
6-	प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी	1	-	1
7-	कनीय अभियन्ता	2	1	1

लगातार...4

8- महिला प्रसार पदाधिकारी	1	-	1
9- प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी	1	-	1
10- प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी	1	-	1
11- सहायक	9	8	1
12- लेखा लिपिक	1	1	-
13- जनसेवक	8	1	7
14- पंचायत सेवक	18	15	3
15- ग्राम सेविका	2	1	1
16- जीप चालक	1	1	-
17- अनुसेवक	5	5	-
18- झाड़ूकश	1	1	1

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि खुटौना प्रखण्ड में स्वीकृत बल के अनुरूप प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कनीय अभियन्ता, महिला प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का एक-एक पद रिक्त है । इसी प्रकार जनसेवक का 7 पद एवं पंचायत सेवक का 3 पद रिक्त हैं । स्थापना उप समाहर्त्ता, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि रिक्त पदों के विरुद्ध पदस्थापन हेतु संबंधित विभाग को भेजे जानेवाले पत्र का प्रारूप शीघ्र उपस्थापित करेंगे । महिला प्रसार पदाधिकारी के पदस्थापन हेतु उप विकास आयुक्त, मधुबनी अविलम्ब कार्रवाई करेंगे ।

इस प्रखण्ड में पदस्थापित पर्यवेक्षकीय पदाधिकारियों/कर्मचारियों का नाम/पदनाम/स्थायी पता एवं योगदान की तिथि निम्न प्रकार है :-

क्रमांक	पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम	पदनाम	स्थायी पता	योगदान की तिथि
1-	डा० एजाज कासीम	प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी	ग्राम फुलवारी शरीफ, जिला पटना	2-12-99
2-	श्री महेश्वर गोईत	प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी	ग्राम बेरबौना, पो० हुदरा, जिला मधुबनी	4-1-2000
3-	श्री मदन मिश्र	ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक	ग्राम-पो० कसरार, जिला दरभंगा	21-8-2000
4-	श्री शशिभूषण चौधरी	प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक	ग्राम ब्रहमपुरा, जिला मुजफ्फरपुर	14-3-2000
5-	श्री गोपाल कृष्ण सिन्हा	कनीय अभियन्ता	ग्राम मो० अमलाटोल, जिला कटिहार	18-10-2000
6-	श्री चन्द्रशेखर झा	प्रधान सहायक	ग्राम मरूकिया, पो० गोबरौरा, मधुबनी	25-01-2001
7-	श्री भरत झा	सहायक	ग्राम-पो० गोनौन, जिला दरभंगा	07-07-2001

लगातार...5

8-	श्री मोहन लाल दास	सहायक	ग्राम रतुपार, पो० ताजपुर, जिला मधुबनी	19-7-2001
9-	श्री लक्ष्मण यादव	सहायक	ग्राम-पो० शिवराम, जिला दरभंगा	10-1-2001
10-	श्री उमेश प्रसाद कर्ण	सहायक	ग्राम-पो० बैनी, जिला समस्तीपुर	31-8-94
11-	श्री धनेश्वर ठाकुर	सहायक	ग्राम सुरतगंज, वार्ड नं०-8, मधुबनी	09-07-2001
12-	श्री मदन मोहन प्रसाद	टंकक	ग्राम शिवनगर, पो० भंडारी, जिला सीतामढ़ी	01-12-2000
13-	मो० शौकत	उर्दू अनुवादक	ग्राम पुरखोपट्टी, लहेरियासराय, दरभंगा	09-08-99
14-	मो० जुनैद आजाद	सहायक उर्दू अनुवादक	ग्राम-पो० जितवारपुर चौक, जिला समस्तीपुर	01-02-2001
15-	श्री वीरेन्द्र प्रसाद यादव	जनसेवक	ग्राम-पो० सिमरा, जिला मधुबनी	18-12-96
16-	श्री विनोद कान्त झा	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० बेरमा, जिला मधुबनी	23-4-93
17-	श्री कपिलेश्वर ठाकुर	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० खिरहर, जिला मधुबनी	27-8-93
18-	श्री सुग्गन लाल मोची	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० अंधराठाढ़ी, जिला मधुबनी	10-7-93
19-	श्री कौशल किशोर शुक्ल	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० सोनई, जिला मधुबनी	22-1-94
20-	श्री अनिल कुमार साहु	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० छपना, जिला मधुबनी	09-06-95
21-	श्री राम गुलाम सदाय	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० चन्द्रडीह, जिला मधुबनी	09-06-95
22-	श्री सुरेन्द्र ठाकुर	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० नवराही, जिला मधुबनी	26-2-96
23-	श्री रामचन्द्र पासवान	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० राघोपुरबलाट, जिला मधुबनी	12-3-97
24-	श्री योगेन्द्र साहु	पंचायत सेवक	ग्राम फुलकाही पो० मुरली, जिला मधुबनी	15-3-97
25-	श्री शंभू नाथ पूर्वे	पंचायत सेवक	ग्राम नूनदरही, पो० सिद्धपकला, जिला मधुबनी	03-12-97
26-	श्री घनश्याम तिवारी	पंचायत सेवक	ग्राम महुलिया पो० कुमरखत, जिला मधुबनी	03-12-97
27-	श्री राजदेव यादव	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० बिठुआर, जिला मधुबनी	04-12-97
28-	श्री गंगा प्रसाद	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० रखवारी, जिला मधुबनी	04-12-97
29-	श्री शिव प्रसाद यादव	पंचायत सेवक	ग्राम डलोखर, पो० मिर्जापुर, जिला मधुबनी	04-12-97
30-	श्री अशुक	पंचायत सेवक	ग्राम-पो० मलमल, जिला मधुबनी	26-12-96
31-	श्रीमती निर्मला कुमारी	ग्राम सेविका	ग्राम खोईर, पो० परिहारपुर, जिला मधुबनी	17-7-2001
32-	श्री सत्य नारायण महतो	जीप चालक	ग्राम उजान, पो० लोहना रोड, जिला दरभंगा	04-07-2001
33-	श्री राम सरोवर तिवारी	अनुसेवक	ग्राम महुआ, पो० साहर, जिला मधुबनी	30-12-98
34-	श्री कामेश्वर पासवान	अनुसेवक	ग्राम-पो० ककना, जिला मधुबनी	24-7-96
35-	श्री फिरोज अहमद	अनुसेवक	ग्राम गोनहर, पो० खराज जितवारपुर, समस्तीपुर	25-12-89
36-	श्री सर्व नारायण झा	अनुसेवक	ग्राम सतलखा, पो० हुसैनपुर, जिला मधुबनी	25-7-96

लगातार...6

37-	श्री प्रभाकर मिश्र	अनुसेवक	ग्राम-पो0 भौआड़ा, जिला मधुबनी	16-7-96
38-	श्री किशोरी राम	[illegible]	ग्राम-पो0 खुटौना, जिला मधुबनी	01-02-69

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि कुछ कर्मचारी विगत 8 वर्षों से इस प्रखण्ड में पदस्थापित हैं जब कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से 3 वर्षों से अधिक एक जगह पर पदस्थापित रहना उचित नहीं है । स्थापना उप समाहर्त्ता, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि 3 वर्षों से अधिक दिनों से पदस्थापित कर्मचारियों के स्थानान्तरण का प्रस्ताव अगली स्थापना समिति की बैठक में उपस्थापित करेंगे ।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि श्री मोहन मिश्र, ग्राम पंचायत पर्यवेक्षक, श्री महेश्वर गोईत, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, खुटौना सीमावर्ती प्रखण्ड, फुलपरास के एवं श्री शशिभूषण चौधरी, प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक खुटौना के ही रहनेवाले हैं । पर्यवेक्षकीय पदाधिकारियों को अपने गृह प्रखण्ड अथवा अगल-बगल के प्रखंड में पदस्थापित रहना स्वस्थ परम्परा एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है । स्थापना उप समाहर्त्ता, मधुबनी को निर्देश दिया जाता है कि इन पर्यवेक्षकीय पदाधिकारियों को खुटौना प्रखण्ड से प्रशासनिक दृष्टिकोण से अविलम्ब स्थानान्तरण हेतु संबंधित विभाग को भेजे जानेवाला पत्र का प्रारूप उपस्थापित करेंगे ।

5- पूर्व निरीक्षण

इस प्रखण्ड का विभिन्न निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा पूर्व में किये गये निरीक्षण से संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है :-

क्रमांक	निरीक्षी पदाधिकारी का नाम	पदनाम	निरीक्षण की तिथि	निरीक्षण टिप्पणी प्राप्ति की तिथि	अनुपालन की तिथि
1-	श्री ए0 के0 बसाक	आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा	21-3-79	2-5-79	8-8-79
2-	डा0 जे0सी0कुण्डला	जिला पदाधिकारी, दरभंगा	5-7-62	6-8-62	7-11-62
3-	डा0 जे0सी0कुण्डला	जिला पदाधिकारी, दरभंगा	19-10-62	3-11-62	16-10-63
4-	श्री जे0 सी0 जेटली	जिला पदाधिकारी, दरभंगा	14-1-65	29-1-65	9-3-65
5-	श्री जे0 सी0 जेटली	जिला पदाधिकारी, दरभंगा	4-3-65	15-3-65	11-8-65
6-	श्री के0 अरूमुगम	जिला पदाधिकारी, दरभंगा	29-2-68	29-3-68	9-6-68
7-	श्री के0 अरूमुगम	जिला पदाधिकारी, दरभंगा	9-3-69	17-4-69	17-5-69
8-	श्री एम0 सी0 सुवर्णो	जिला पदाधिकारी, दरभंगा	13-12-69	10-1-70	4-3-70
9-	श्री राम भजन सिंह,	जिला पदाधिकारी, मधुबनी	23-3-80	16-9-80	20-10-80
10-	श्री अशोक कुमार सिंह	जिला पदाधिकारी, मधुबनी	21-7-83	28-7-83	25-8-83

लगातार...7

11-	डॉ० एस०पी० शुक्ला	जिला पदाधिकारी, मधुबनी	17-10-89	8-12-89	3-4-90
12-	श्री के० पी० रमैय्या	जिला पदाधिकारी, मधुबनी	19-8-96	27-9-96	30-8-97
13-	श्रीमती निधि खरे	जिला पदाधिकारी, मधुबनी	25-4-98	12-5-98	12-6-98
14-	श्री एन० जी० बन्धोपाध्याय	उप विकास आयुक्त, मधुबनी	2-2-82	23-3-82	31-12-82
15-	मो० एस० एच० करीम,	अपर समाहर्त्ता, दरभंगा	22-6-60	27-7-60	30-10-60
16-	मो० हसीब	अपर समाहर्त्ता, दरभंगा	12-12-62	11-2-63	21-12-64
17-	श्री एस० प्रभाकरण	अपर समाहर्त्ता, दरभंगा	23-2-65	5-3-65	-
18-	श्री के० नारायण	अपर समाहर्त्ता, दरभंगा	12-3-66	15-4-66	31-1-67
19-	श्री शशिभूषण ओझा,	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी	30-3-77	20-5-77	10-1-78
20-	श्री शशिभूषण ओझा	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी	23-1-79	05-3-79	23-6-79
21-	श्री बलभद्र झा,	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी	1-11-80	8-1-81	17-7-81
22-	श्री शिव मंगल शर्मा,	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी	18-7-91	20-7-91	10-10-91
23-	श्री वसीम अंसारी,	जिला विकास पदाधिकारी, मधुबनी	31-8-93	27-10-93	17-12-94
24-	श्री भूतनाथ घोष	अनुमण्डल पदाधिकारी, मधुबनी	19-6-69	6-8-69	25-9-69
25-	श्री भूतनाथ घोष	अनुमण्डल पदाधिकारी, मधुबनी	16-1-71	23-4-71	29-7-71
26-	श्री एन० बी० सिन्हा	अनुमण्डल पदाधिकारी, झंझारपुर	8-2-74	5-5-74	-
27-	श्री एस० पी० केशव,	अनुमण्डल पदाधिकारी, झंझारपुर	24-2-78	24-2-78	16-8-78
28-	श्री शिव बसंत	अनुमण्डल पदाधिकारी, झंझारपुर	16-2-79	28-2-79	29-5-79
29-	श्री विश्वनाथ उपाध्याय	अनुमण्डल पदाधिकारी, झंझारपुर	1-6-82	12-7-82	28-12-82
30-	श्री व्यासजी	अनुमण्डल पदाधिकारी, झंझारपुर	12-2-85	4-7-85	2-8-85
31-	श्री निर्मल कुमार बासुकी	अनुमण्डल पदाधिकारी, झंझारपुर	17-2-88	13-3-88	14-4-88
32-	श्री एस० एन० चौधरी	जिला लेखा पदाधिकारी, दरभंगा	7-12-62	20-12-62	11-10-63
33-	श्री एस० एन० चौधरी	जिला लेखा पदाधिकारी, दरभंगा	30-5-63	1-7-63	27-4-64
34-	श्री एस० एन० चौधरी	जिला लेखा पदाधिकारी, दरभंगा	12-6-65	22-6-65	26-11-65
35-	श्री के० के० प्रसाद	जिला लेखा पदाधिकारी, दरभंगा	21-11-68	16-12-68	21-1-69
36-	श्री के० के० प्रसाद	जिला लेखा पदाधिकारी, दरभंगा	18-12-70	12-1-71	29-7-71
37-	श्री एस० एन० वर्मा	जिला लेखा पदाधिकारी, मधुबनी	20-11-73	01-10-77	14-11-77
38-	श्री एस० के० राम,	अंचल अधिकारी, खुटौना	27-3-61	7-4-61	6-11-61
39-	तदैव	तदैव	21-5-61	25-5-61	4-11-61

लगातार...8

40-	श्री स्त0 के0 राम,	अंचल अधिकारी, खुटौना	12-1-62	12-1-62	11-5-62
41	तदैव	तदैव	4-10-62	10-10-62	19-10-62
42-	तदैव	तदैव	3-8-63	17-9-63	27-9-63
43-	तदैव	तदैव	28-3-64	28-3-64	25-12-64
44-	श्री एस0 बी0 सिंह	अंचल अधिकारी, खुटौना	17-9-65	30-9-65	5-10-65
45-	तदैव	तदैव	25-2-66	25-2-66	3-3-66
46-	तदैव	तदैव	21-9-66	15-10-66	25-10-66
47-	श्री एम0 पी0 सिंह	अंचल अधिकारी, खुटौना	1-2-68	2-2-68	7-2-68
48-	तदैव	तदैव	2-1-69	2-1-69	-
49-	श्री बी0 एन0 झा	अंचल अधिकारी, खुटौना	27-8-77	28-8-77	-
50-	तदैव	तदैव	6-12-77	6-12-77	-
51-	श्री देवेन्द्र नाथ शर्मा,	अंचल अधिकारी, खुटौना	25-1-80	25-1-80	-
52-	तदैव	तदैव	1-10-80	10-10-80	-
53-	श्री श्याम बिहारी पाठक,	प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खुटौना	2-12-85	12-12-85	31-12-85
54-	श्री राम नारायण यादव	प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खुटौना	16-6-96	16-6-96	3-8-96
55-	श्री देवेश्वर झा,	कार्यालय अधीक्षक मधुबनी	19-3-83	5-4-83	10-5-83
56-	श्री वैदा नन्द झा	कार्यालय अधीक्षक, मधुबनी	21-1-84	1-2-84	12-5-84
57-	श्री देवकृष्ण लाल दास	कार्यालय अधीक्षक, मधुबनी	17-1-87	11-3-87	23-7-87
58-	श्री उमेश चन्द्र दास	कार्यालय अधीक्षक, मधुबनी	25-5-88	7-8-88	23-12-88
59-	श्री उमेश चन्द्र दास	कार्यालय अधीक्षक, मधुबनी	21-7-90	23-8-90	15-10-90
60-	श्री जय लाल पासवान	कार्यालय अधीक्षक, मधुबनी	12-6-95	5-7-95	7-8-95
61-	श्री जय लाल पासवान	कार्यालय अधीक्षक, मधुबनी	12-6-96	5-7-96	2-8-96

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि इस कार्यालय का निरीक्षण ऊपर अंकित तिथियों को विभिन्न निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा किया गया है । सभी निरीक्षी पदाधिकारियों के लिए निरीक्षण टिप्पणी को रखी संचिकाएँ अलग-अलग संधारित है एवं अनुक्रमणिका बनायी गई है । निरीक्षण टिप्पणी का अनुपालन प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया । श्रीमती निधि खरे, तत्कालीन जिला पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा दिनांक 25-4-98 को इस कार्यालय का निरीक्षण किया गया है । अनुपालन प्रतिवेदन के क्रमांक 3, 4, 15, 16 एवं 18 में उल्लेख किया गया है कि अनुपालन करने हेतु प्रयास किया जा रहा है, भविष्य में अनुपालन किया जायगा । इससे स्पष्ट जाहिर होता है कि जिला पदाधिकारी

लगातार...9

द्वारा निरीक्षण के क्रम में दिये गये निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया है । इसी प्रकार श्री एस० प्रभाकरण, अपर समाहर्त्ता, दरभंगा द्वारा दिनांक 23-2-65 को, श्री एन० बी० सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी, झंझारपुर द्वारा दिनांक 8-2-74 को, श्री एम०पी० सिंह, अंचल अधिकारी, खुटौना द्वारा 1-2-68 एवं 2-1-69 को, श्री बी०एन०झा, अंचल अधिकारी, खुटौना द्वारा 27-8-77 एवं 6-12-77 एवं श्री देवेन्द्र नाथ शर्मा, अंचल अधिकारी, खुटौना द्वारा 25-1-80 एवं 1-10-80 को निरीक्षण किया गया है परन्तु उसका अनुपालन प्रतिवेदन नहीं भेजा गया है, जो चिन्ता का विषय है । अगर निरीक्षी पदाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन समय-सीमा के अन्दर नहीं किया जाता है तो निरीक्षण का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता है । अतः यदि निरीक्षण टिप्पणी में दिये गये निर्देशों/निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों का अनुपालन/निराकरण कर दिया जाता है तो कार्यालय कार्य में गुणात्मक सुधार हो जायगा । पूछे जाने पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा उपलब्ध निरीक्षण टिप्पणियों का अध्ययन नहीं किया गया है । निरीक्षण टिप्पणी के अध्ययन से प्रखण्ड क्षेत्र की अद्यतन स्थिति एवं विकास कार्यों की पूर्ण जानकारी मिल जाती है । अतः प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि वे सारे निरीक्षण टिप्पणियों का अध्ययन कर अनुपालन की पूर्ण स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे । निरीक्षण टिप्पणियों का अनुपालन प्रतिवेदन भेजने का पूर्ण दायित्व प्रधान सहायक की होती है । प्रधान सहायक को निर्देश दिया जाता है कि भविष्य में अनुपालन प्रतिवेदन समय-सीमा के अन्दर भेजना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी । सामान्यतः अनुपालन प्रतिवेदन एक माह के अन्दर भेजा जाना चाहिए । यदि उक्त अवधि के अन्दर पूर्ण अनुपालन प्रतिवेदन संभव नहीं हो तो कम-से-कम अंतरिम अनुपालन प्रतिवेदन अवश्य भेज दिया जाना चाहिए । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खुटौना द्वारा 16-8-96 के बाद अपने कार्यालय का निरीक्षण नहीं किया गया है, जो अत्यन्त गंभीर विषय है । बार्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम 52 एवं 80 के अनुसार प्रत्येक नियंत्री पदाधिकारी को अपने कार्यालय का वर्ष में दो बार निरीक्षण करना है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भविष्य में सुनिश्चित करेंगे । अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास द्वारा अनुमण्डल की स्थापना के बाद से अभीतक एक बार भी इस प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण नहीं किया गया है, जो अनुचित है । अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास भविष्य में इसे सुनिश्चित करेंगे ।

6- पत्राचार :

विगत तीन वर्षों के पत्राचार की स्थिति निम्न प्रकार है :-

लगातार...10

वर्ष	प्राप्त पत्रों की संख्या			निर्गत पत्रों की संख्या		
	मुख्य	साधारण	कुल	मुख्य	साधारण	कुल
1999	169	449	618	-	920	920
2000	29	1186	1215	-	1143	1143
2001	2	677	679	44	514	558

बिहार अभिलेख हस्तक के नियम 8 खंड (I) एवं (II) के आलोक में पत्राचार के लिए प्राप्त एवं निर्गत पंजी (मुख्य एवं साधारण) अलग-अलग संधारित है जिसे पंचांग वर्ष के शुरू में खोली गयी है । प्राप्त पंजी का अवलोकन किया । लंबित पत्रों को लाल स्याही से अनुगमित कर इस पंजी में लाये गये हैं परन्तु सभी स्तम्भ नहीं भरे गये हैं । अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास के पत्रांक 611 को यों ही संचिका में रखकर छोड़ दिया गया है । संचिका संख्या 52-6/2001-2002 का अवलोकन किया । संचिका में अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास से प्राप्त सभी पत्रों को नत्थी कर रख दिया गया है, इस पर पृष्ठ संख्या अंकित नहीं किया गया है । निर्गत पंजी के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि यह विहित प्रपत्र में संधारित है परन्तु सभी कॉलम ठीक से नहीं भरे गये हैं । पत्रांक 438, दिनांक 6-7-2001 प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी, खुटौना को निर्गत किया गया है परन्तु किस संचिका के माध्यम से निर्गत किया गया है, अंकित नहीं है । संचिका संख्या 17-1/97-98 का अवलोकन किया गया । इसमें टिप्पणी पृष्ठ संख्या अंकित नहीं किया गया है ।

यह प्रधान सहायक का कर्त्तव्य है कि जो पत्र कार्यालय में प्राप्त होते हैं, उसे ध्यानपूर्वक पढ़ने के पश्चात् उस पर अनुक्रमणी संख्या लिखें एवं संबंधित सहायक के कर्मपुस्त में दें । इस प्रकार प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की पंजी संधारण करनेवाले सहायक में हमेशा तालमेल रहना चाहिए ताकि इन वर्णित कार्यों के निष्पादन में सहुलियत हो । प्राप्त पत्रों की पंजी के स्तम्भ 9 एवं 10 तथा निर्गत पत्रों की पंजी के स्तम्भ 7 एवं 8 को सही ढंग से भरा जाना चाहिये । प्राप्त पत्रों की पंजी के स्तम्भ 9 एवं 10 में जिन पत्रों का जबाव माँगा जाय, उसके सामने के स्तम्भ को खाली छोड़ दिया जाना चाहिए एवं जिन पत्रों का जबाव नहीं माँगा गया हो, उसके सामने के स्तम्भ 9 एवं 10 में उत्तर आवश्यक नहीं लिख दिया जाना चाहिए । इससे लंबित पत्रों की सूची तैयार करने में सहुलियत होती है । किसी भी परिस्थिति में बिना अनुक्रमणी के प्राप्त एवं निर्गत पत्रों की प्रविष्टि नहीं करें ।

लगातार...11

7- अनुक्रमणी पंजी :

यह पंजी विहित प्रपत्रों में वर्णमाला क्रमानुसार संधारित है । कुल 52 विषयों पर संधारित है किन्तु कुल कितनी संचिकाएँ हैं, इसे नहीं बताया जा सका । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रधान सहायक को निर्देश दिया जाता है हाल में जिला कार्यालय से अनुक्रमणिका संधारण के संबंध में दिए गए संग्रहण संख्या के अनुसार अनुक्रमणी पंजी संधारित करें एवं अनुपालन प्रतिवेदन दें ।

8- कर्म-पुस्त :

सभी सहायकों के लिए कर्म-पुस्तिका खोली गई है परन्तु सही ढंग से संधारित नहीं है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इसे सही ढंग से संधारित कराना सुनिश्चित करेंगे ।

9- सेवा पुस्त

कुल पदस्थापित 39 कर्मचारियों के विरुद्ध 31 सेवा-पुस्त ही उपलब्ध है, जो 31-3-2001 तक सत्यापित है किन्तु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर के पश्चात् तिथि अंकित नहीं की गई है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इसे भविष्य में सुनिश्चित करेंगे । 8 कर्मचारियों का सेवा-पुस्त उनके पूर्व के पदस्थापन स्थान से प्राप्त नहीं हुए हैं । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है सेवा-पुस्त मँगाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को अविलम्ब पत्र निर्गत करें एवं विशेषदूत को प्रतिनियुक्ति कर सेवा-पुस्त मँगाकर एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन प्रतिवेदन भेजें । सभी उपलब्ध सेवा-पुस्त का अवलोकन किया । श्री रामचन्द्र पासवान, पंचायत सेवक के सेवा-पुस्त के अवलोकन से पता चलता है कि दिनांक 1-4-2000 से 28-2-2001 तक सत्यापित किया गया, लिखा गया है । कार्यालय सहायक द्वारा इस पर लाल स्याही से हस्ताक्षर किया गया है परन्तु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जो दिनांक 21-5-2001 से प्रभार में हैं, द्वारा मात्र हस्ताक्षर किया गया है, तिथि अंकित नहीं की गई है । ऐसा प्रतीत होता है कि सत्यापन सही ढंग से किया गया है अथवा नहीं, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा देखने का प्रयास नहीं किया गया है, बल्कि कार्यालय सहायक द्वारा जो लिख दिया गया है, उसे ही सही मानकर हस्ताक्षर कर दिया गया है । अतएव निर्देश दिया जाता है कि भविष्य में सेवा-पुस्त के सत्यापन के समय इन विन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाय (1) सेवा में टूट तो नहीं है (2) अर्जित अवकाश का लेखा अद्यतन किया गया है अथवा नहीं (3) उनके विरुद्ध कोई प्रतिकूल टिप्पणी तो नहीं की गई है (4) जन्म तिथि सही ढंग से अंकित किया गया है अथवा नहीं (5) नियुक्ति पत्र की पुनः जाँच कर ली जाय । श्री भोला पासवान, चालक निलंबित हैं, परन्तु इसकी प्रविष्टि इनकी सेवा-पुस्त में नहीं की गई है । इसकी प्रविष्टि कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजें ।

लगातार...12

10- भविष्य निधि पास बुक :

कुल पदस्थापित 39 कर्मचारियों के विरुद्ध 31 कर्मचारियों का भविष्य निधि पासबुक उपलब्ध है 18 पास बुक संबंधित कर्मचारी के पूर्व पदस्थापन के स्थान से प्राप्त नहीं हुआ है । निरीक्षण के दौरान बताया गया कि सभी भविष्य निधि पासबुक 31 मार्च, 2001 तक सत्यापित है परन्तु श्री रामचन्द्र पासवान, पंचायत सेवक के पासबुक के अवलोकन से पता चला कि इनके लेखा विवरणी दिनांक 30-7-91 तक ही सत्यापित है, यह अत्यन्त ही गंभीर बात है एवं उच्चाधिकारी को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि जिन कर्मचारियों को भविष्य निधि पासबुक उनके पूर्व पदस्थापन के स्थान से नहीं आया है, उसे एक सप्ताह के अन्दर मँगाकर, लेखा विवरणी अद्यतन कर एक पक्ष के अन्दर अनुपालन प्रतिवेदन भेजें । साथ ही सभी कोटि के कर्मचारियों की कटौती विवरणी जिला भविष्य निधि कार्यालय को 15 दिनों के अन्दर भेजना सुनिश्चित करें ताकि अद्यतन कम्प्यूटराईज्ड लेखा विवरणी संबंधित कर्मचारियों को प्राप्त हो सके ।

11- वेतन वृद्धि पंजी :

इस प्रखण्ड में वेतन वृद्धि पंजी संधारित नहीं है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है । इस पंजी के संधारित रहने से यह पता चल सकेगा कि किस कर्मचारी को कब वेतन-वृद्धि देय है । इससे समय पर उन्हें वेतन-वृद्धि का लाभ मिल सकेगा । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इसे संधारित कर 15 दिनों अन्दर अनुपालन प्रतिवेदन भेजेंगे ।

12- सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधी सूचना पंजी :

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधी पंजी इस कार्यालय में संधारित नहीं है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि सेवानिवृत्त होनेवाले सरकारी सेवकों के लिए एक पंजी संधारित करें जिसमें इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि अमुक सरकारी सेवक अमुक तिथि को सेवानिवृत्त हो रहे हैं ताकि सेवानिवृत्त होने से पहले ही उनके सभी दावा का निपटारा किया जा सके । बताया गया कि श्री राम दहीन यादव दिनांक 31-1-97 को ही सेवानिवृत्त हो गये हैं, श्री बच्चे लाल महतो सेवानिवृत हो गये हैं किन्तु कटौती विवरणी अभी भी अप्राप्त है जिससे उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ का अंतिम भुगतान नहीं हो पाया है । यह बहुत ही गंभीर विषय है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रधान सहायक से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने मंतव्य के साथ भेजेंगे । साथ ही दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कटौती

लगातार...13

विवरणी एक सप्ताह के अन्दर जिला भविष्य निधि कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगे ताकि उनके दावे का निष्पादन शीघ्र किया जा सके ।

13- प्रतिभूति बंध-पत्र :

बताया गया कि प्रतिभूति बंध-पत्र इस कार्यालय में संधारित नहीं है, जो आश्चर्य का विषय है । प्रखण्ड नाजिर/प्रधान सहायक एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रतिभूति बंध-पत्र किस प्रकार संधारित किया जाता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है । बिहार बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम-232 एवं बिहार वित्त नियमावली के भाग-1, प्रकरण-8, नियम-24 तथा बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम 208 एवं 210 में दिये गए निदेश के अनुसार संबंधित कर्मचारियों से जमानत की राशि एवं जामिनी बंध-पत्र, जिनके जिम्मे नगद या सामग्रियों की अभिरक्षा सौंपी जाती है, प्राप्त किया जायगा । इसके लिए एक पंजी होगी जो पंजी-73 कही जायेगी । यह जमानत की राशि समाहर्त्ता के पदनाम से बंध-पत्र रहेगा तथा जामिनी बंध-पत्र बिहार राज्यपाल के नाम से विहित प्रपत्र में देना है । नियमानुसार प्रखण्ड नाजिर को 500/-रू0 एवं प्रधान सहायक को 250/-रू0 जमानत के रूप में जमा करना है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इसका अनुपालन तीन दिनों के अन्दर करवाकर अनुपालन प्रतिवेदन देंगे । इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि संबंधित कर्मचारी/नाजिर अगर सरकारी राशि का गबन करता है तो उनके पैतृक सम्पत्ति एवं अन्य सम्पत्ति से वसूली की जा सके ।

14- स्टाफ पंजी :

इस प्रखण्ड में स्टाफ पंजी संधारित नहीं है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है जिसमें प्रखण्ड में पदस्थापित सभी कोटि के सरकारी सेवकों के बारे में विस्तृत सूचनाएँ अंकित रहती हैं । इसे निम्नांकित प्रपत्र में संधारित करने का निर्देश दिया गया :-

क्रमांक	नाम/पदनाम	पिता/पति का नाम	पूर्ण पता/ दूरभाष सं0	जन्म तिथि	नियुक्ति पद0 का नाम/पदनाम	नियुक्ति आदेश को सं0 एवं तिथि	सेवा में योगदान की तिथि	सेवानिवृति की तिथि	शैक्षणिक योग्यता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

योगदान से लेकर अबतक कहाँ-2 पद0 रहे हैं	प्रखण्ड में योग0 की तिथि	पूर्व के सेवा इतिहास	विभागीय कार्र0 की स्थिति	पूर्व के सेवा इतिहास	अवकाश संबंधी सूचना	दो निकटतम संबंधी का पता	श्रेणी			अन्यु0
							अनु0	पिछ0	सा0	
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एक सप्ताह के अन्दर संधारित कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजेंगे ।

लगातार...14

15- लंबित पत्रों की पंजी :

इस प्रखण्ड में यह पंजी संधारित नहीं है । बिहार अभिलेख हस्तक के नियम 34(ए) के अनुसार प्रत्येक लंबित पत्र के लिए लूज मोटे तौर पर अलग-अलग सूची तैयार करनी है । साथ ही इसके लिए एक केन्द्रीय पंजी भी खोलना है । लंबित पत्रों की सूची प्रत्येक माह की 10 वीं तिथि तक अनिवार्य रूप से घोषणा हो जाना चाहिए । पंजी में प्रतिवेदित माह की लंबित पत्रों की प्रविष्टि करने से पूर्व गत माह के जितने पत्र लंबित रह गये हों, उसे लाल स्याही से अगले माह में अग्रसित कर लाया जाना चाहिए एवं प्रतिवेदित माह के लंबित पत्रों की प्रविष्टि काली स्याही से किया जाना चाहिए । उक्त पंजी में निम्नांकित प्रपत्र में सहायकवार सारांश बनाया जाना चाहिए :-

क्रमांक	गत माह तक लंबित पत्रों की संख्या	प्रतिवेदित माह में प्राप्त पत्रों की संख्या	कुल योग	प्रतिवेदित माह में निष्पादित पत्रों की संख्या	लंबित पत्रों की सं0	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7

उपर्युक्त के अतिरिक्त यह भी स्तम्भ बनाना सुनिश्चित करें कि एक वर्ष से ऊपर, नौ माह से ऊपर, छः माह से ऊपर, तीन माह से ऊपर, एक माह से ऊपर एवं एक माह के अन्दर की संख्या अंकित की जायेगी । निष्पादन का अर्थ है अंतिम जबाब निर्गत कर देना । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन कर सूचित करेंगे ।

16- रक्षी संचिका :

इस प्रखण्ड में रक्षी संचिका संधारित है परन्तु सही ढंग से संधारित नहीं है । रक्षी संचिका का संधारण बिहार बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम-60 एवं 120 के अनुसार करना है । रक्षी संचिका विषयवार तैयार करनी है और भारत सरकार तथा राज्य सरकार के पत्रों को संधारित करने के लिए अलग-अलग रक्षी संचिका संधारित किया जाना चाहिए । इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय से समय-समय पर महत्वपूर्ण विषयों पर जो दिशा-निर्देश दिया जाता है, उसे भी रक्षी संचिका में चिपकाया जाना चाहिए एवं उसे ध्यान से पढ़ना चाहिए । साथ ही सभी संबंधित सहायक के पास विषयवार रक्षी संचिका रहनी चाहिए ताकि सरकार अथवा जिला स्तर से दिये गये मार्ग-निर्देश के अनुरूप अपने कार्यों का निपटारा वे कर सकें । रक्षी संचिका के प्रथम पृष्ठ पर प्रत्येक पत्र के संबंध में अनुक्रमणिका भी रहनी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि कौन-सा पत्र किस क्रमांक पर है ।

लगातार...15

17- प्रतिवेदन एवं विवरणी :

इस प्रखण्ड में प्रतिवेदन एवं विवरणी तालिका संधारित नहीं है, जो बहुत ही गंभीर विषय है । ससमय प्रतिवेदन एवं विवरणी भेजने एवं उस पर नियंत्रण रखने के लिए आवश्यक है कि यह विवरणी दो भागों में तैयार किया जाय, जिसमें एक तालिका प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पास एवं दूसरी तालिका प्रधान सहायक के पास रहनी चाहिए ताकि यह पता चल सके कि कौन-सा प्रतिवेदन कब और कहाँ भेजा जाना है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं प्रधान सहायक इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे ।

18- कार्य पत्रक :

बिहार बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम 115 के अनुसार प्रत्येक सहायक के बैठने के पीछे के स्थान के ऊपर दीवाल पर सहायकों द्वारा किये जानेवाले कार्यों का ब्योरा का उल्लेख रहना चाहिए, जो इस कार्यालय में संधारित नहीं है । यह एक महत्वपूर्ण विषय है । प्रखण्ड में कार्यरत सहायकों द्वारा जिन विषयों पर कार्य किया जाता है, उसके बारे में कर्त्तव्य तालिका संधारित किया जाना चाहिए कि अमुक सहायक अमुक विषय पर कार्य करते हैं । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रधान सहायक इसका अनुपालन सुनिश्चित करें ।

19- प्रधान सहायक नोट बुक :

प्रधान सहायक नोट बुक इस कार्यालय में संधारित नहीं है, जो गंभीर विषय है । बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम-117 के अनुसार प्रधान सहायक नोट बुक वर्णमालानुसार तैयार रहना चाहिए और उस नोट बुक के प्रथम पृष्ठ में एक अनुक्रमणी रहेगी, जिससे यह जाना जा सके कि यह नोट बुक कब से संधारित है । साथ ही इसमें महत्वपूर्ण पत्रों को प्रविष्टि भी करनी चाहिए । प्रधान सहायक भविष्य में इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक करें अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी ।

20- अवकाश पंजी :

यह पंजी संधारित है परन्तु इन्डेक्सिंग नहीं किया गया है । उपस्थिति पंजी के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि श्री चन्द्र शेखर झा, प्रधान सहायक द्वारा दिनांक 22 एवं 23-7-2001 को आकस्मिक अवकाश दर्शाया गया है परन्तु अवकाश पंजी में इसे इन्द्राज नहीं किया गया है । यह अत्यन्त ही गंभीर विषय है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि जब भी किसी कर्मचारी द्वारा आकस्मिक अवकाश का आवेदन दिया जाता है तो उसकी स्वीकृति के पश्चात् अवकाश पंजी में इन्द्राज करावें एवं उस पर अपना हस्ताक्षर करें । साथ ही

लगातार...16

दिनांक 22 एवं 23-7-2001 को लिये गये आकाश को आकाश पंजी में इन्द्राज नहीं करने के लिए प्रधान सहायक से स्पष्टीकरण, प्राप्त कर एक सप्ताह के अन्दर अनुमण्डल पदाधिकारी, फुलपरास के माध्यम से भेजें ताकि उनके विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जा सके ।

21- उपस्थिति पंजी :

यह पंजी संधारित है एवं नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज की जाती है ।

22- पंजियों की पंजी

यह पंजी इस प्रखण्ड में संधारित नहीं है, जो गंभीर विषय है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है जिसमें इस बात का उल्लेख रहता है कि इस कार्यालय में कितने प्रकार के पंजियों का संधारण किया गया है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी स्टैचुटरी एवं नन-स्टैचुटरी पंजी एक सप्ताह में संधारित कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजेंगे । इस प्रखण्ड में संधारित पंजियों की स्थिति अत्यन्त ही जर्जर है । इसे अच्छी तरह से बाइन्डिंग कराने का निदेश दिया जाता है ।

23- चपरासी बही :

यह पंजी संधारित है किन्तु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा पृष्ठों का सत्यापन नहीं किया गया है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इसे सत्यापित कर सूचित करेंगे ।

24- मैसेन्जर पंजी :

यह पंजी संधारित है एवं उस पर प्रखण्ड नाजिर का फोटो अभिप्रमाणित कर चिपकाया गया है ।

25- आवंटन पंजी :

वर्ष 2001 के लिए आवंटन पंजी संधारित है । सभी शीर्ष के लिए अलग-अलग पृष्ठ आवंटित है । इस पंजी के बायें भाग में प्राप्त आवंटन एवं दायें भाग में व्यय की प्रविष्टि दिखाई गई है । कोषागार के लिए अलग से आवंटन संधारित है, जो अद्यतन है ।

26- बजट कन्ट्रोल पंजी :

बजट कन्ट्रोल पंजी इस प्रखण्ड में संधारित नहीं है । यह एक महत्वपूर्ण पंजी है जिसमें पूरे वित्तीय वर्ष के लिए शीर्षवार राशि

लगातार...17

की आवश्यकता का आकलन कर आवंटन की माँग की जाती है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एक सप्ताह के अन्दर इसे संधारित कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजेंगे ।

27- विधान सभा / लोक सभा प्रश्नों की पंजी :

यह पंजी इस प्रखण्ड में संधारित नहीं है, जो चिन्ता का विषय है । बताया गया कि विधान सभा / लोक सभा से संबंधित एक भी प्रश्न लंबित नहीं है । प्रधान सहायक स्पष्टीकरण दें कि यह पंजी अभीतक क्यों नहीं संधारित की गई है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एक सप्ताह के अन्दर पंजी संधारित कर अनुपालन प्रतिवेदन देंगे एवं अपने स्तर से समीक्षा कर लेंगे कि कोई प्रश्न लंबित तो नहीं है ।

28- उच्च न्यायालय से संबंधित मामला :

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उच्च न्यायालय/निम्न न्यायालय से संबंधित कोई भी मामला लंबित नहीं है ।

29- अंकेक्षण पंजी :

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जून, 2001 में महालेखाकार कार्यालय द्वारा अंकेक्षण किया गया है । 7 वर्ष पूर्व भी अंकेक्षण किया गया था परन्तु निरीक्षण टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई । उन्हें निर्देश दिया गया कि एक पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त कर निरीक्षण टिप्पणी एक सप्ताह के अन्दर मंगवाकर अनुपालन प्रतिवेदन दें ।

30- भंडार पंजी :

यह पंजी इस प्रखण्ड में संधारित नहीं है, जो गंभीर विषय है । बोर्ड प्रकीर्ण नियमावली के नियम 128 के अनुसार भंडार पंजी का संधारण किया जाना है । इस पंजी में प्रत्येक स्थायी सम्पदा का उल्लेख किया जाना चाहिए कि यह सम्पदा कहाँ से एवं कब कितने लागत पर क्रय किया गया । इस पंजी का भौतिक सत्यापन नियंत्री पदाधिकारी द्वारा वर्ष में दो बार किया जाना है । प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि अविलम्ब भंडार पंजी खोलकर स्थायी/सम्पदाओं की इन्द्राज कर एक सप्ताह में अनुपालन प्रतिवेदन दें ।

31- योजना पंजी :

